
Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

## Word Replacement Questions for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

### Hindi Word Replacement Quiz 1

**दिशा-निर्देश: दिए गए वाक्य में एक शब्द को बोल्ड किया गया है, जो वर्तनी, वाक्य प्रयोग अथवा व्याकरण की दृष्टि से अनुपयुक्त हो सकता है। यदि शब्द अनुपयुक्त है तो दिए गए विकल्पों में से सही शब्द का चयन कर उत्तर दें अन्यथा विकल्प E को सही उत्तर चुनें।**

1. आज नारी पर्दा और लज्जा की **कमरों** से बाहर आ चुकी हैं, वह पर्दा प्रथा से बहुत दूर निकल चुकी हैं।

A. दरवाजों B. दीवारों C. घरों
D. उपरोक्त सभी E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

2. लड़ाई दोनों को विकास की दौड़ में बहुत पीछे धकेल देगी, **अन्यथा** आपसी दोस्ती के जरिये वे अब भी इक्कीसवीं सदी को एशिया की सदी बना सकते हैं।

A. क्योंकि B. इसलिए C. जबकि
D. वरना E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

3. पिछले महीने गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच खूनी संघर्ष के बाद भारत के कड़े रुख और कोरोना पर बढ़ते अंतरराष्ट्रीय **प्रतिबन्ध** के बाद आखिरकार चीन अब शांति का राग अलापने लगा है।

A. दबाव B. प्रतिशोध C. विरोधी
D. उपरोक्त सभी E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

4. आज का युग शिक्षा के प्रचार प्रसार से पूर्ण विज्ञान का युग है, जहाँ अशिक्षित होना एक महान **अपराध** है।

A. दण्ड B. कार्य C. अनुभूति
D. उपरोक्त सभी E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

5. विज्ञान का **बहिष्कार** करके मनुष्य ने चारों ओर से प्रकृति को परास्त करने का कदम बढ़ा लिया है।

A. आविष्कार B. चमत्कार C. उपभोग
D. उपरोक्त सभी E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

6. जब मनुष्य प्रकृति के कार्य में हस्तक्षेप करता है, तब प्रकृति का **व्यवस्था** बिगड़ता है।

A. प्रणाली B. असंतुलन C. संतुलन
D. नियमावली E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

Smartkeeda The Question Bank

7. महात्मा गाँधी कहते थे कि वास्तविक भारत का दर्शन गाँवों में ही सम्भव है जहाँ भारत की **प्राण** बसी हुई है।

A. आत्मा B. जान C. रूह

D. उपरोक्त सभी E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

8. गाँवों में बिजली, पानी, शिक्षा और इलाज के लिए सभी **सुविधायें** जुटाई जा रही है।

A. आपदाएं B. इंतजाम C. आपूर्ति

D. उपरोक्त सभी E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

9. अगर हम सब काम समय पर कर लें तो पायेंगे कि **अपना** जीवन कितना सुखद, शान्त और व्यवस्थित है।

A. हमारा B. उसका C. तुम्हारा

D. सभी E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

10. संसार के जितने भी महान व्यक्तियों से हम परिचित हैं उनकी जीवनचर्या बताती है कि वे समय का **बहुमूल्य** समझते थे।

A. मोल B. मूल्य C. महत्त्व

D. उपरोक्त सभी E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं

Smartkeeda
The Question Bank

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B | C | A | E | A | C | D | E | A | D |

**Explanation:**

**1.** दिए गए वाक्य में व्याकरण की दृष्टि से स्त्रीलिंग वाचक शब्द की आवश्यकता है, जबकि दिया गया शब्द कमरों पुल्लिंग का बोध करता है।

अत: विकल्प B 'दीवारों' व्याकरण की दृष्टि से उपयुक्त शब्द है।

**सही वाक्य:**

आज नारी पर्दा और लज्जा की दीवारों से बाहर आ चुकी हैं, वह पर्दा प्रथा से बहुत दूर निकल चुकी हैं।

अत: विकल्प B सही है।

**2.** दिए गए वाक्य के अध्ययन से स्पष्ट है कि वाक्य में लड़ाई बंद करने तथा मैत्री सम्बन्ध स्थापित करने को बल दिया गया है। जैसा कि हम जानते हैं लड़ाई और दोस्ती दोनों एक दूसरे के विलोम शब्द हैं अर्थात् विलोम अर्थ देने वाला संयोजक का प्रयोग उपयुक्त होगा।

दिए गए शब्दों में से केवल 'जबकि' ही वांछित अर्थ को दर्शाता है।

**सही वाक्य:**

लड़ाई दोनों को विकास की दौड़ में बहुत पीछे धकेल देगी, जबकि आपसी दोस्ती के जरिये वे अब भी इक्कीसवीं सदी को एशिया की सदी बना सकते हैं।

अत: विकल्प C सही है।

Smartkeeda
The Question Bank

**3.** दिये गए वाक्य के गहन अध्ययन से यह स्पष्ट है कि प्रतिबन्ध अनुचित शब्द है क्योंकि कोरोना महामारी है जिस पर प्रतिबन्ध नहीं लगाया जा सकता। यह साफ़ है कि कोरोना महामारी के चलते चीन पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव है।

**सही वाक्य:**

पिछले महीने गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच खूनी संघर्ष के बाद भारत के कड़े रुख और कोरोना पर बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बाद आखिरकार चीन अब शांति का राग अलापने लगा है।

अत: विकल्प A सही है।

4. दिए गए वाक्य के अध्ययन से यह स्पष्ट है कि वाक्य में शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया गया है। अत: ऐसे में अशिक्षित होना एक अपराध होगा।
अत: दिए गए वाक्य में प्रयुक्त शब्द में परिवर्तन की कोई आवश्यकता नहीं है।

5. बहिष्कार करने का अर्थ है पूर्णत: अनदेखा करना। अत: यह शब्द वाक्य के संदर्भ में अनुपयुक्त है।
उपभोग किसी वस्तु अथवा सेवा का ही किया जा सकता है, जबकि विज्ञान न ही कोई वस्तु है और न किसी प्रकार की सेवा, अत: यह विकल्प अनुचित है।
चमत्कार भी वाक्य सन्दर्भ की दृष्टि से अनुचित है।
दिए गए शब्दों में से 'आविष्कार' वाक्य को सही अर्थ प्रदान करने में सक्षम है।
**सही वाक्य:**
विज्ञान का आविष्कार करके मनुष्य ने चारों ओर से प्रकृति को परास्त करने का कदम बढ़ा लिया है।
अत: विकल्प A सही है।

6. दिए गए वाक्य के अध्ययन से यह स्पष्ट है कि व्यवस्था एक स्त्रीलिंग शब्द है जबकि व्याकरण की दृष्टि से पुल्लिंग शब्द का प्रयोग उचित रहेगा।
दिए गए शब्दों में से केवल असंतुलन और संतुलन ही पुल्लिंग शब्द है, किन्तु असंतुलन वाक्य सन्दर्भ की दृष्टि से अनुपयुक्त है। अत: 'संतुलन' सही चयन होगा।
**सही वाक्य:**
जब मनुष्य प्रकृति के कार्य में हस्तक्षेप करता है, तब प्रकृति का संतुलन बिगड़ता है।
अत: विकल्प C सही है।

7. दिए गए वाक्य के अध्ययन से स्पष्ट है कि 'प्राण' एक पुल्लिंग शब्द है, जबकि व्याकरण की दृष्टि से स्त्रीलिंग शब्द वांछित है।
दिए गए सभी शब्द स्त्रीलिंग का बोध करते हैं।
**सही वाक्य:**
महात्मा गाँधी कहते थे कि वास्तविक भारत का दर्शन गाँवों में ही सम्भव है जहाँ भारत की आत्मा/जान/रूह बसी हुई है।
अत: विकल्प D सही है।

8. दिया गया शब्द 'सुविधायें' वाक्य प्रसंग एवं व्याकरण की दृष्टि से उचित है।
अत: किसी प्रकार के परिवर्तन की कोई आवश्यकता नहीं।
अत: विकल्प E सही है।

Smartkeeda
The Question Bank

**9.** दिए गए वाक्य के अध्ययन से यह स्पष्ट है कि 'अपना' शब्द व्याकरण की दृष्टि से अनुपयुक्त है। हम सर्वनाम के साथ 'हमारा' का प्रयोग करना सर्वथा उचित रहेगा।

**सही वाक्य:**

अगर हम सब काम समय पर कर लें तो पायेंगे कि हमारा जीवन कितना सुखद, शान्त और व्यवस्थित है।

अत: विकल्प A सही है।

**10.** बहुमूल्य विशेषण है जबकि यहाँ संज्ञा शब्द की आवशकयता है

अर्थात दिए गए सभी विकल्प A, B और C व्याकरण और प्रासंगिक दृष्टि से उपयुक्त हैं।

अत: विकल्प D सही है।

Smartkeeda
The Question Bank


SmartKeeda
The Question Bank
Presents
TestZone
India's least priced Test Series platform
JOIN
ALL BANK EXAMS
2020-2021 Test Series
@ Just
₹599/-
300+ Full Length Tests
Brilliant Test Analysis
Excellent Content
Unmatched Explanations
JOIN NOW